# चतुर्थ अध्याय

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

# अध्याय – चतुर्थ
# प्रदत्तों का विश्लेषण

अध्ययन हेतु चयनित उपकरण के माध्यम से अध्ययन हेतु चुने गये न्यादर्श द्वारा प्रदत्तों का संकलन किया गया। तत्पश्चात् प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण इस अध्याय में किया गया। सभी परिकल्पनाओं का परीक्षण उपयुक्त सांख्यिकी विधियों का उपयोग करके किया गया। प्रत्येक परिकल्पना का अध्ययन भी समस्या के संदर्भ में किया गया। अध्ययन हेतु कुल छः परिकल्पनाओं का चयन किया गया तथा क्रमानुसार प्रत्येक परिकल्पना के विश्लेषण के आधार पर प्राप्त परिणाम को इस अध्याय में दर्शाया गया है। परिणाम स्पष्टता के लिए उचित ग्राफ भी प्रदर्शित किया गया।

**परिकल्पना – 1**

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों में लिंग के आधार पर शिक्षक प्रभाविता में सार्थक अनतर नहीं है।

इस परिकल्पना के अनुसार स्त्री शिक्षक और पुरूष शिक्षक में शिक्षक प्रभाविता में अन्तर नहीं है।

तालिका क्रमांक–4.I

| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| पुरूष | 43 | 296.69 | 17.35 | 68 | 0.56 |
| स्त्री | 27 | 296.44 | 18.96 | | |

तालिका क्रमांक– 4.I से विदित होता है कि लिंग की प्रभावशीलता के परिप्रेक्ष में t का मान 0.56 है, जो 0.05 स्तर पर भी सार्थक नहीं है। परिणामता परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इससे यह दृष्टिपात होताहै कि स्त्री शिक्षक और पुरूष शिक्षक में शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः लिंग के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं पड़ता ये पाया गया है।

**परिकल्पना–2**

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अुनभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

सारणी क्रमांक 4.II

| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| पांच साल से कम अनुभव | 61 | 296.89 | 17.38 | 68 | 0.347 |
| पांच साल से अधिक अनुभव | 9 | 294.67 | 21.53 | | |

तालिका क्र.– 4.II से ज्ञात होता है कि अनुभव के लिए t मान 0.347 है, जो 0.05 स्तर पर भी सार्थक नहीं है। परिणामतः परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इसका अर्थ यह है कि अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभ्झावशलता में सार्थक अंतर नहीं पड़ता यह पाया गया है।

**परिकल्पना – 3**

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में उम्र के आधार पर प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी क्रमांक 4.III**

| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| तीस साल से कम उम्र | 58 | 296.05 | 18.08 | 68 | 0.564 |
| तीस साल से अधिक उम्र | 12 | 299.25 | 16.88 | | |

तालिका क्रमांक–4.III से यह स्पष्ट होता है कि उम्र परिपेक्ष में t का मूल्य 0.564 है, जो 0.05 पर सार्थक नहीं है। इसलिए परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इससे यह पता चलता है कि उम्र के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में उम्र के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है यह पाया गया है।

**परिकल्पना – 4**

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में शैक्षिक योग्यता के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी क्रमांक 4.IV**

| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| पोस्ट ग्रेज्युएट | 24 | 300.42 | 18.24 | 68 | 1.302 |
| ग्रज्युएट | 46 | 294.61 | 17.44 | | |

तालिका क्रमांक 4.IV से यह ज्ञात होता है कि शैक्षिक योग्यता के परिप्रेक्ष में t का मूल्य 1.302 है, जो 0.05 पर सार्थक नहीं है। इसलिए परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इससे यह पता चलता है कि शैक्षिक योग्यता के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में शैक्षिक योग्यता के आधर पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं पड़ता यह पाया गया है।

**परिकल्पना – 5**

प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में क्षेत्र के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी क्रमांक 4.V**

| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 35 | 296.71 | 16.20 | 68 | 0.053 |
| शहरी | 35 | 296.49 | 19.52 | | |

तालिका क्रमांक–4.V से यह ज्ञात होता है कि क्षेत्र के परिपेक्ष में t का मूल्य 0.053 है, जो 0.05 पर सार्थक नहीं है। इसलिए परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इससे यह पता चलता है कि क्षेत्र के आधार शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में क्षेत्र के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है यह पाया गया।

**परिकल्पना – 6**


प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में शैक्षिक वैवाहिक की स्थिति के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

**सारणी क्रमांक 4.VI**


| समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | df | t |
|---|---|---|---|---|---|
| विवाहित | 29 | 297.29 | 17.99 | 68 | 0.432 |
| अविवाहित | 41 | 293.36 | 17.76 | | |

तालिका क्रमांक 4.VI से यह ज्ञात होता है कि वैवाहिक परिपेक्ष में t का मूल्य 0.432 है, जो 0.05 पर सार्थक नहीं है। इसलिए परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। इससे यह पता चलता है कि वैवाहिक स्थिति के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। अतः प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों में वैवाहिक स्थिति के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नही है यह पाया गया।


सारणी – 4.1





सारणी – 4.11




सारणी – 4.III




सारणी – 4.IV



सारणी – 4V




सारणी – 4.VI

